

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 19 अंक : 222 30 मार्च, 2024 मूल्य : 30/-प्रति




सभी पाठकों को होली के पावन पर्व एवं शीतलाष्टमी की हार्दिक बधाई







## नागौर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह की झलकियां

## पुष्कर में महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा अनावरण की झलकियां










## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण


जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)


एडवोकेट श्रीमान पुरूषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)


श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)


श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)


श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी
(भेल इण्डिया, भोपाल)


श्रीमान नरपत सिंह सांखला
(बिल्डर्स/समाजसेवी)


श्रीमान संतोक सिंह गहलोत
(व्यवसायी/समाजसेवी)


श्रीमान तारासिंह सांखला
(व्यवसायी/समाजसेवी)

## संपादक की कलम से...

# हम कब बदलेगें ?




**मनीष गहलोत**
संपादक

शहर के जैन समुदाय ने पिछले रविवार को एक अच्छा निर्णय लिया कि यदि किसी भी जैन समुदाय की शादी में 6 से अधिक व्यंजन हैं, तो उस शादी में दूल्हा और दुल्हन को केवल आशीर्वाद दिया जाना चाहिए, लेकिन खाया नहीं जाएगा, और फिर कल इसका पालन किया जाएगा। अग्रवाल समाज ने भी उक्त निर्णय को लागू करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही शादी के कार्ड न छपवाकर केवल व्हाट्सएप और फोन के जरिए ही निमंत्रण दें।

विशेष निर्णय यह है कि विवाह पूर्व और संगीत कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। उपरोक्त दोनों समाज (जैन और अग्रवाल) आर्थिक रूप से मजबूत हैं लेकिन उन्होंने उपरोक्त निर्णय लिया, दोनों समाजों को बधाई।

कब बदलेंगे हम ? शादी में गन्ने जितना खर्च करने लगे हैं हम, शादी की खुशियां मनाने के लिए कभी-कभी कर्ज भी लेते हैं, अब हमें जरूर बदलना होगा।

समाज को विवाह संस्कार को विवाह संस्कार में बदलना चाहिए। कुछ दिन पहले कोरोना वायरस के कारण सरकार ने शादियों और कार्यक्रमों में उपस्थिति सीमित कर दी थी, लेकिन लोग इसे भूल गए और लाखों रुपये खर्च करने लगे। हम अनावश्यक रूप से लाखों रुपये बर्बाद कर रहे हैं और कर्ज में डूब रहे हैं। हमें अब बदलना होगा। वरना वक्त तुम्हें माफ नहीं करेगा.

1. कृषि आय दिन-ब-दिन घटती जा रही है।
2. कृषि उपज की कोई कीमत नहीं होती।
3. अब कोई सरकारी नौकरी नहीं।
4. निजी रोजगार में कोई गारंटी नहीं है।
5. लड़की की शादी में 100 रुपये का खर्च होता है, जबकि लड़के की शादी में भी 80 रुपये का खर्च होता है।
6. कर्ज में जन्मा, कर्ज में ही बड़ा हुआ और कर्ज में ही मर गया, कुछ पीढ़ियाँ बीत गई।
7. विवाह एक समारोह नहीं बल्कि एक "संस्कार" है। 16 संस्कारों में से एक संस्कार समझना चाहिए।
8. चाहे कितनी भी बड़ी शादी क्यों न हो, लोग उसे भूल जाते हैं। इतनी बड़ी शादी करने पर आज तक किसी को पुरस्कार नहीं मिला।
9. हम खेत बेचकर गुंठा आ गए, जबकि व्यापारी एक दुकान से चार दुकानें चला रहा है। व्यापारी वर्ग का नाम लेने के बजाय उनके अर्थशास्त्र को समझना चाहिए।
10. ईर्ष्या नहीं बल्कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए।
11. भाईचारे में घातक प्रतिस्पर्धा की कोई आवश्यकता नहीं है। शादी के मौके पर ऐसा नहीं चाहिए।
12. दूल्हा-दुल्हन को हमेशा उपयोगी पोशाक पहननी चाहिए।
13. वर्मई को भी शोर नहीं करना चाहिए। हमारी एक बेटी भी है। बहू आपकी बेटी है जो कल आपका ख्याल रखेगी। यह भावना जड़ पकड़नी चाहिए।
14. खाने-पीने का तरीका बंद करें और खर्च कम करें और वर-वधू की भविष्य की प्रगति में योगदान दें।
15. ऐसे बर्तन/फर्नीचर नहीं चाहिए जो दुनिया में कभी काम न आएं।
16. हल्दी के कार्यक्रम में मेहंदी, वैदिक विधि, भीड़ से बचना चाहिए। स्वागत समारोह में सादगी लानी चाहिए।
17. क्रिकेट 5-दिवसीय, वनडे से 20-20 हो गया। तो हम शादी को छोटा/प्रबंधनीय क्यों बनाते हैं ?
18. केवल कुछ लोग ही सभी मेहमानों के साथ आराम से बातचीत कर सकते हैं।
19. शादी के कार्ड की कीमत पढ़ें और शादी का कार्ड व्हाट्सएप के माध्यम से भेजें और कार्ड भेजने के बाद संबंधित व्यक्ति को फोन करके जिद करने के लिए आमंत्रित करें, शादी से दो दिन पहले दोबारा याद दिलाने के लिए फोन करें।
20. किसी भी जाति और धर्म की अच्छी बातें स्वीकार करनी चाहिए।
21. समाज को बेहतर बनाने के लिए सभी को एक कदम आगे बढ़ाना चाहिए।

आइये सुधारों की शुरुआत स्वयं से करें! धीरे-धीरे पूरा समाज बदल जाएगा और एक दिन समाज 100 प्रतिशत प्रगति करेगा!

**सिर्फ पढ़ो मत...!**

**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।**
**समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार**
**विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।**

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

डॉ श्रीमति अरुणा महेंद्र टाक द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन समारोह

# यह पुस्तक हमें लॉ के साथ जीवन में कानून के महत्व की जानकारी देती है -जस्टिस श्रीमान देवेंद्र कच्छवाहा








जोधपुर। 17 मार्च को लाइफ लॉ पुस्तक का विमोचन जस्टिस श्रीमान देवेंद्र कच्छवाहा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए जस्टिस देवेंद्र कच्छवाहा ने पुस्तक के बारे में बताया कि यह पुस्तक हर व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है इसमें लॉ ऑफ कर्मा के साथ जीवन में कानून की जानकारी की महत्ता और उसका दैनिक जीवन में कितना बड़ा रोल है इसके बारे में विस्तृत वर्णन किया गया है। इसमें भारतीय कानून के साथ ही अंतराष्ट्रीय कानून और बिना कानून जीवन की कठिनाइयों के बारे में बताया है।




डॉ अरुणा ने पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपनी उच्च शिक्षा के साथ ही जो उपलब्धियां प्राप्त की है इसके लिए वो बधाई की हकदार है साथ ही मातृ शक्ति के लिए एक प्रेरणा है। कार्यक्रम में माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिहार ने डॉ अरुणा द्वारा लिखित पुस्तक को विद्यार्थियों के साथ ही आमजन के लिए भी अति उपयोगी बताते हुए उनकी उपलब्धियों की सराहना की। डॉ अरुणा ने अपने पुस्तक में प्रकाशित कानून की बारीकियों से सबको अवगत कराते हुए कहा कि जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व है उन्होंने बताया की उनकी प्रारंभिक शिक्षा ईंग्लिश मीडियम स्कूल से होने के बाद विवाह हो गया। विवाह उपरांत पति महेंद्र टाक के मोटीवेशन से विवाह के 13 वर्षो बाद अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाते हुए बी.ए., एल.एल.बी. के साथ लॉ में डॉक्टरेट की डिग्री हासिल की। साथ ही राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय कान्फ्रेस में भाग लेने के साथ अनेकों सर्टिफिकेट और सम्मान प्राप्त किए। राजस्थान हाईकोर्ट से श्रेष्ठ वकालत के साथ कानून की बारीकियों पर विशेष जानकारी की उपलब्धि पर मुझे परशुराम रत्न पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

माली सैनी संदेश परिवार डॉ अरुणा टाक को हार्दिक बधाई प्रेषित करता है। हमें गर्व है हमारी समाज की मातृ शक्ति ने दृढ़ संकल्प इच्छा शक्ति से आज अपनी अलग पहचान बनाई है। डॉ.अरुणा टाक मोटिवेशनल वक्ता होने के साथ ही धर्मपरायण महिला है और श्री कृष्णा को अपना आदर्श मानती है। आपकी इस पुस्तक के प्रकाशन के पूर्व में भी अनेकों कानून की पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका हैं ।

अरुणा टाक की इस पुस्तक प्रकाशन पर राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने भी शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। आज के इस विमोचन समारोह में राजस्थान हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसियेशन के अध्यक्ष रतनाराम ठोलिया, जेएनवीयू के वाइस चांसलर के एल श्रीवास्तव, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के हेड ऑफ डिविजनल रिटेल रविकांत राठौड़ के साथ अनेकों प्रबुद्धजनों की उपस्थिति रही। साथ ही समरोह में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति की उपस्थिति रही। उपस्थित मातृ शक्ति द्वारा डॉ अरुणा टाक का सम्मान किया गया।









आयोजन में पधारे सभी मेहमानों का आभार महेंद्र टाक, मोंटिल टाक के साथ टाक परिवार द्वारा किया गया

# 10 शब्दों कहानी लिखकर तारावती सैनी ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



*समाज की महिला लेखिका तारावती सेनी ने मात्र 10 शब्दों में कहानी लिखकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। हमें समाज की युवा लेखिका की इस उपलब्धि पर गर्व है। तारावती सेनी से वार्तालाप के कुछ अंश :*

**नाम ने दी नई पहचान:**

सैनी ने बताया कि शादी से पहले अपना नाम बिल्कुल पसंद नहीं था। अपने नाम को लेकर अपनी मां से लड़ा करती थी और शादी से पहले जो भी कहानियां, कविताएं प्रकाशित हुई, उनमें उनका नाम नीरज था। शादी के बाद पति ने समझाया और नाम को नया रूप दिया तारावती सैनी नीरज जिसने उन्हें नई पहचान दी।

**लघु कथाओं पर बनीं फिल्म:**

तारावती ने बताया कि साल 2022 में 10 शब्दों की कहानी लिखकर वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रेकॉर्ड बनाया है। जिसके शब्द हैं आपके कर्म श्रेष्ठ होने चाहिए राजा बनने से कुछ नहीं होता उनकी कई लघुकथाओं पर शॉर्ट फिल्में भी बन चुकी हैं। वह कहती हैं कि उन्हें महिलाओं पर लिखना ज्यादा पसंद है। बचपन से जो कुछ देखा उसे ही कहानी का रूप दे दिया।

**आदिवासी जीवन पर किताब:**

इन दिनों पर आदिवासियों के जीवन पर लेखन कर रही हैं। जिसमें उनके कुनबों की कहानी, रीति-रिवाज को समाहित करने का प्रयास कर रही हैं। उन्हें राजस्थान बाल साहित्य अकादमी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, जयपुर साहित्य सम्मान, महादेवी वर्मा कवयित्री पुरस्कार सहित कई पुरस्कार मिल चुके हैं।

**महिलाओं के वास्तविक जीवन को दे रही कहानी का रूप:**

बचपन से ही कविताएं लिखने और पढ़ने का शौक था, जब मैं चार साल की थी तब से ही कविताएं लिख रही हूं। मेरे घर में बचपन से ही राजस्थान पत्रिका आता था, उसमें बच्चों की कविताएं प्रकाशित होती थीं। मैं उसे बहुत ही ध्यान से पढ़ती थी और शब्दों को जोड़कर कहानी लिखने का प्रयास करती थी. यह कहना है जयपुर की तारावती सैनी नीरज का, जिनकी कई कविताएं, कहानी, लघु कथा, यात्रा वृतांत, संस्मरण प्रकाशित हो चुके हैं। साथ ही वह कई मंचों पर सम्मानित हो चुकी हैं

# समारोहः माली समाज की ओर से जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान सामाजिक उत्थान को लेकर की चर्चा

## देश की आम जनता में देखने को मिल रहा पीएम की गारंटी का व्यापक असरः अविनाश गहलोत


जालोर. समारोह में मौजूद समाज के लोग।

जालोर। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी का व्यापक असर देश की आम जनता में देखने को मिल रहा है। मोदी द्वारा दी जा रही गारंटी से गरीब मुख्य धारा से जुड़ रहा है।

वे मंगलवार को माली समाज द्वारा आयोजित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गहलोत ने कहा कि सरकार की ओर से उन्हें सामाजिक उत्थान की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है जिसका लाभ प्रदेश की जनता को देने के लिए प्रयासरत हूं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के कहा कि जालोर जिले की जीवन रेखा जवाई नदी को पुनर्जीवित करने के लिए पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि केंद्र सरकार के सहयोग से जवाई नदी को हर हाल में पुनर्जीवित किया जाएगा।

**''लोकनायक के नाम से जालोर में होगा सड़क का नामकरण''**

गर्ग ने कहा कि लोकगीतों द्वारा देश भर में जालोर की पहचान बनाने वाले लोकगायक पोलजी माली के नाम पर जालोर में एक सड़क का नामकरण किया जाएगा। उन्होंने जालोर कॉलेज व कृषि मंडी का नामकरण जालोर शासक कान्हड़देव व वीरमदेव के नाम करने की बात कही। राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि जालोर माली समाज में शिक्षा के द्वारा जागरूकता तेजी से आ रही है। सोलंकी, सांवलाराम सांखला, उन्होंने माही बांध से जालोर तक पानी लाने की मांग का समर्थन किया। इस दौरान जितेंद्र जालोरी और छगनाराम सुंदेशा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सीए नितिन सोलंकी ने किया। कार्यक्रम में जालोर उपखंड अधिकारी प्रमोद सीरवी, सिरोही माली समाज अध्यक्ष चेताराम माली, पूर्व अध्यक्ष पन्नालाल मीठालाल सांखला, जुठाराम सोलंकी, माली समाज अध्यक्ष जेठाराम गहलोत, तेजाराम सोलंकी, राजकुमार, महेंद्र गहलोत, अम्बालाल परिहार, मिश्रीमल परिहार, जयंतीलाल, रामलाल परिहार, नाथू सोलंकी, मीडिया प्रभारी सुरेश सुंदेशा, रवि सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित रहे।


समान समारोह के आयोजन के दौरान मंचासीन अतिथि।



**RP Industries के मालिक उद्योगपति श्री ईश्वर माली से दिनेश्वर माली की एक विशेष मुलाकात....**

## कोशिश और काबिलियत के बल पर कामयाबी का इतिहास लिखने वाले

# उद्योगपति श्री ईश्वर माली

### एजुकेशन के साथ एक्सपीरियंस भी जरूरी

मुम्बई। कहते है कि अगर हम जीवन में ठान ले तो सब सब सम्भव है इसके लिए जरूरी है अपने लक्ष्य की ओर ध्यान केन्दित करना और लगातार नियमित निरन्तर प्रयासकरना। आज अपनी कोशिश और काबिलियत के बल पर कामयाबी का कीर्तिमान रचने वाले ईश्वर माली किसी परिचय के मोहताज नहीं है आप मशहूर उद्योगपति और समाज सेवक है । वर्तमान में आप R P industries के मालिक है आपकी जीवन के संघर्ष की यात्रा अपने आप मे एक प्रेरणा का अनूठा उदाहरण है। आपकी व्यवसायिक ईकाई गुजरात के अंकलेश्वर में है। आपकी कम्पनी दवाइयों से जुड़े प्रॉडक्ट का निर्माण करती है। खबरें गौरव मुम्बई ने ईश्वर जी माली से मुलाकात के दौरान उनसे जीवन के संघर्ष यात्रा से जुड़े पहलुओं को जानने की कोशिश की जो कि प्रस्तुत है।

**लक्ष्य पर ध्यान जरुरी**– आप अगर लाईफ में सफल होना चाहते हो तो एक लक्ष्य बनाकर काम करना बहुत ही जरूरी है क्योंकि बिना लक्ष्य का निर्धारण किए हम मंजिल तक नही पहुच पाएंगे।

**पॉजिटिव थिंकिंग सबसे बड़ा पॉवर है–**

सक्सेज होने के लिए आप हमेशा पॉजिटिव बने रहे लाईफ में उतार चाव आते जाते रहते है जिंदगी चलती हो रहती है मगर हमे हमेशा पॉजिटिव रहना चाहिए क्योंकि अगर हम खुद अपने काम के प्रति पॉजिटिव होंगे तो ही काम को कर पाएंगें।

**कॅरियर का चयन** – एजुकेशन लेने के बाद अगर सफल होना हो तो विशेष रूप से उस कॅरियर का चयन करें जिसमे आपको इंटरस्ट हो जिस काम में इंटरस्ट होगा और टीम का अहम योगदान उस काम में योग्यता अपने आप आएगी और योग्यता होगी तो सफलता आपको हर हाल में मिलेगी इसलिए अपनी रुचि के अनुरूप ही व्यवसायिक दुनिया का चयन करें।

**लगातार चलते रहना ही जिंदगी है**– आर. पी. इंडस्ट्रीज के मालिक ईश्वर माली अपनी व्यवसायिक दुनिया मे बिल गेट्स और रतन टाटा इंटरस्ट के अनुरूप हो को अपना आदर्श मानते है वह कहते है कि अगर हम सफल बनना चाहते है तो सोच को लक्ष्य की ओर ले जाना होगा जो हमे सफल बनाएगी।

**हर सफलता में परिवार और टीम का अहम योगदान:** हम जिस सफलता कों हासिल करते है उसमें हमारे माता पिता परिवार रिश्तेदार मित्र कम्पनी में कार्यरत समस्त कर्मचारी इत्यादि का एक अहम योगदान होता है जिनकी बदौलत हम हर छोटी बड़ी सफलता हासिल कर पाते है।

**एजुकेशन के साथ एक्सपीरियंस जरूरी है बिजनेसमैन बनने के लिए–**

शिक्षा आपके बिजनेस में जरूर काम में आएगी मगर एजुकेशन के साथ आपको अपने बिजनेस का अनुभव होना भी बहुत ही जरूरी है जो कि आपको सफल बनाएगा। हर आदमी के पास अपना अनुभव स ल हम जिस सफलता को बनने का मुख्य हथियार है। हम समाज के युवा उद्योगपति ईश्वर माली के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते है।

# राष्ट्रीय हिन्दु स्वयं सेवक संघ एवं ज्योतिबा फुले सैनी मालियान एकता समिति और सहयोगी मीडिया क्लब अजमेर द्वारा तोपदड़ा स्थित गढ़वाल पैलेस पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ

अजमेर। राष्ट्रीय हिन्दु स्वयं सेवक संघ एवं ज्योतिबा फुले सैनी मालियान एकता समिति एवम मीडिया क्लब अजमेर द्वारा तोपदड़ा स्थित गढ़वाल पैलेस पर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम संयोजक राज कुमार भाटी ने बताया की शिविर में कुल 513 यूनिट रक्तदान हुआ। राष्ट्रीय हिन्दू स्वयं सेवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष हेमेंद्र सिंगोदिया एवं सुनन्त सोनी अध्यक्ष ने सभी रक्तदाताओं का स्वागत किया। ज्योतिबा फुले मालियान एकता समिति अजमेर के अध्यक्ष अशोक टाक ने माली समाज की सभी संस्थाओ से आए मीडिया क्लब अजमेर के पत्रकार महोदय एवम गणमान्य जनों का स्वागत



किया इस कार्यक्रम में सभी संस्थाओ का सहयोग रहा दिलीप गढ़वाल किरण गढ़वाल, मोहित गढ़वाल एवं अरुण जी दग्दी ने सभी रक्त दाताओं को केम्पर, स्वास्थ्य जाँच कूपन एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रदीप चौहान, बबीता चौहान, विक्रम रावत, वीरेंद्र चौहान, हेमंत इंदौरा, रवि दग्दी,,हैमराज खारोलिया, राजेंद्र, दुर्गाप्रसाद भाटी, भवजीत सैनी, मुकेश चौहान, सुनील सैनी, राधेश्याम गहलोत, कुशाल इंदौरा आदि उपस्थित रहे।

# 1 रुपए का पौधा, सालाना कमाई 40 लाख से ज्यादा:

## 5 भाइयों ने तैयार की हाईब्रिड सब्जी की पौध, डेली 40 हजार प्लांट की बिक्री





सबसे छोटे भाई शिशुपाल बेड (क्यारी) से पौध उखाड़ते हुए।



खेत में सभी 6 भाई एक साथ। इनमें से एक दिल्ली में कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं, बाकी 5 खेती का काम साथ करते हैं।



नवलगढ़ (झुंझुनूं): समाज के युवा इंटरप्योनर में इस बार बात 5 किसान भाइयों की। जिनके एक आइडिया ने उन्हें दूर-दूर तक फेमस कर दिया। परिवार में 6 भाई हैं। एक भाई कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं और बाकी 5 खेती से जुड़े हैं। बड़ा परिवार 13 बीघा के खेत में हाईब्रिड नर्सरी का काम कर रहा है। इनका कहना है कि अलग-अलग नौकरी करते तो कुछ नहीं कर पाते, खेती ने हमें एकजुट और सम्पन्न किया।

राजस्थान के झुंझुनूं शहर से जयपुर रोड पर करीब 47 किलोमीटर दूर नवलगढ़ कस्बे में इन भाइयों का माताजी नर्सरी उद्योग है। इस नर्सरी में हाईब्रिड सब्जियों की पौध बेची जाती है। इतना ही नहीं चाहे किसान हो या आम लोग सभी को पौध के साथ इसे लगाने के सही तरीके और उसकी कैसे देखभाल की जाए ये भी समझाया जाता है। यहां डेली 35 से 40 हजार तक पौध बिकती है। फल, सब्जी और फूलों के यहां 1 करोड़ से ज्यादा पौधे हैं। खास बात ये कि हर पौधा सिर्फ 1 रुपए का है।

पौध घर ले जाने से पहले गमला, लोन की क्यारी या खेत पहले से तैयार करना होता है। गमले में पौध लगानी है तो मिट्टी और सड़ा हुआ गोबर मिलाकर गमला पहले से तैयार रखें। इसी तरह लोन या खेत भी गहरी जुताई कर गोबर मिलाकर तैयार रखें। पौधा लगाकर हल्की सिंचाई करें। पौध 24 घंटे से ज्यादा वक्त तक जीवित रहती है इसलिए यहां से पौध दूर के शहरों में भी जाती है। शिशुपाल ने बताया कि पौध लगाने के लिए फरवरी-मार्च का सीजन बेहतर है। इस वक्त बैंगन-टमाटर के पौधे तुरंत लग जाते हैं और अप्रैल-मई में फल देने लगते हैं। ये पौध हाईब्रिड है। इसलिए पौधे खराब होने की गुंजाइश कम से कम है। मिर्च का पौधा फ्रूटिंग के बाद 8 महीने तक मिर्च देता रहेगा। वहीं, बैंगन और टमाटर 2 महीने तक फल देते हैं। किचन गार्डन में सब्जियां इस रोटेशन में लगाई जा सकती हैं कि सालभर सब्जियां मिलती रहें। उन्होंने कहा कि बारहमासी बैंगन की पौध मई में तैयार होती है और सालभर सब्जी देता है। शिशुपाल ने बताया कि 1 रुपए में 40 से 50 प्रतिशत कमाई होती है। इस तरह 25 से 40 हजार पौधे रोज बिकते हैं तो रोजाना कमाई भी होती है। हर भाई का अपना काम तय है। माताजी नर्सरी से पौध लेने के लिए जयपुर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और गुजरात तक से लोग आते हैं। नजदीक के लोग पॉली बैग, कार्टन भी लेकर आते हैं। इसके अलावा टेम्पो और ट्रक लेकर भी लोग पौध लेने नवलगढ़ आते हैं।

**इजराइली तकनीक है कारगर:** शिशुपाल ने बताया- हम इजराइली तकनीक से पौध तैयार करते हैं। इसके तहत बैड (क्यारी) तैयार किए जाते हैं, एक बैड की लंबाई 100 से 120 फीट होती है। इस बैड में 30 हजार पौध तैयार की जाती है। ड्रिप सिस्टम से पानी डाला जाता है। इजराइली तकनीक से तैयार हाइब्रिड पौधों में मृत्यु दर बेहद कम होती है। सर्दियों में पौध 60 दिन में और गर्मियों में 35 दिन में तैयार हो जाती है। इजराइली तकनीक का इस्तेमाल 2010 में होने लगा। हमने 2015 में इजराइली तकनीक का इस्तेमाल कर पौध को बचाने का काम किया। इस तकनीक से पौधे मौसम की मार से बच जाते हैं। ओलावृष्टि और बेमौसम की मार से फसलें खराब हो जाती हैं। ऐसे में पौध को कतार में लगाने का सुझाव दिया जाता है। दो कतारों के बीच चलने फिरने जितनी जगह हो। पूरी कतार को 650 मीटर लंबी और 5 फीट चौड़ी स्पेशल शीट से ढंका जाता है। पॉलीथिन जैसी दिखने वाली यह शीट खास कपड़े की होती है। इससे फसल ओलावृष्टि या बारिश से बच जाती है। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश में अगर पौध पर यह शीट नहीं होती तो पूरी नर्सरी खत्म हो सकती थी। हालांकि, ओलों के कारण शीट में कई जगह छेद हो गए। लेकिन फसल बच गई। इसके अलावा सर्दी से बचाने के लिए पौधों की कतार पर हम ग्रीन नेट लगाते हैं।

शिशुपाल ने बताया नर्सरी तैयार करने के लिए छोटे पॉली बैग में मिट्टी-खाद मिलाकर हाइब्रिड बीज डाला जाता है। इसे धूप-मौसम से बचाकर रखा जाता है। सिंचाई की जाती है। कुछ दिन बाद बीज से पौधा निकल आता है तो इसे कतार में शिफ्ट कर दिया जाता है।

**पिता ने 150 वर्ग फीट में लगाई थी नर्सरी:** शिशुपाल ने बताया- 1991 में पिता नागरमल ने परंपरागत खेती के साथ 150 वर्ग फीट में नर्सरी शुरू की थी। वे जीण माता के भक्त थे इसलिए नर्सरी का नाम रखा माताजी नर्सरी। साल 2008 के बाद नर्सरी को 150 वर्ग फीट से बढ़ाकर 500 वर्ग फीट कर दिया। इसके बाद 2013 में इसे 1 बीघा तक फैला दिया। यह काम चल निकला तो हर साल एक बीघा बढ़ाते रहे। काम बढ़ाने के लिए हमने 3 बीघा जमीन खरीदी और 4 बीघा किराए पर भी ली। वर्तमान में 1 बीघा में घर और 13 बीघा में नर्सरी। 2019 में पिता नागरमल का देहावसान हो गया। हम सभी भाई उनकी विरासत को संभाले हुए हैं।

**सभी भाई पढ़े-लिखे, उच्च शिक्षित:** शिशुपाल ने बताया- सबसे बड़े भाई जगदीश प्रसाद (54) एम.कॉम तक पढ़े हैं और हाइब्रिड बीज का काम करते हैं। वर्ष 2010 से वे खेती भी संभाल रहे हैं। दूसरे भाई मोहन लाल (48) बीएससी किए हुए हैं। पहले उन्होंने प्राइवेट जॉब किया, फिर छोड़कर 2013-14 खेती संभालने लगे। इसके बाद महेंद्र कुमार (45) कंस्ट्रक्शन का काम करते हैं। एक भाई बनवारी लाल (43) सउदी अरब में जॉब करते थे, वहां से काम छोड़कर वे 2011 में खेती में जुट गए। इसके बाद लीलाधर (38) भी हाईब्रिड बीज बेचने का काम करते हैं। हमें यहीं से बीज मिल जाता है। सबसे छोटे खुद शिशुपाल (33) हैं जो नवलगढ़ में पोद्दार कॉजेल से बीएससी हैं। शिशुपाल भी नर्सरी का काम संभालते हैं। भाइयों ने काम भी बांट रखा है। जैसे जगदीश बिजाई का काम करते हैं, मोहन लाल पौधे की सिंचाई करते हैं, शिशुपाल पौध में बीमारी की पहचान करने व दूर करने और बनवारी लाल पौध बेचने का काम करते हैं। खेत में सिंचाई के लिए ट्यूबवैल है।

हमारे समाज के लिए गर्व की बात है कि आज पांच भाईयों ने आधुनिक तकनीक के खेती के नए अविष्कार से हजारों लोगों को कम कीमत पर पौध उपलब्ध करा घर में ही शुद्व ओर सस्ती ताजी सब्जियां, फल आदि उगा उपलब्ध कराने के साथ ही अच्छी कमाई भी कर रहे है। साथ ही बेरोजगार युवाओं को नया अवसर भी उपलब्ध करा रहे है।

आयोजनः जैतारण के समाज बंधु आए अमरपुरा राज्यसभा सांसद गहलोत व कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत बने सहभागी

# पद मिलने पर नहीं करें घमंड, दिन बीतते नहीं लगती देर - अविनाश गहलोत

नागौर। नागौर जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव अमरपुरा में विभिन्न गांव के समाज बंधु सामूहिक रूप से आए। जैतारण, मेड़ता, पीपाड़, सोयला, रास, ब्यावर व भोपालगढ सहित अनेक गांव के श्रद्धालु बंधुओं द्वारा संत श्री लिखमी दास जी महाराज स्मारक व देव मंदिर के दर्शन किये तथा पूजन अर्चन किया। इस अवसर पर संत शिरोमणि श्रीलिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा नागौर के अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत तथा उदयपुरवाटी के विधायक भगवान राम सैनी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि संतों की तप व धर्म भूमि से समाज जीवन में और भी अधिक सक्रियता से काम करने की शिक्षा मिलती है। इससे प्रेरणा लेकर राजस्थान में और अच्छा काम करें ऐसा संतों की भूमि पर आने से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में आने पर सबको साथ लेकर काम करें तभी काम करने में मजेदारी है। सत्ता प्राप्त होने पर घमंड आ जाये यह ठीक नहीं है क्योंकि दिन बीतते देर नहीं लगते हैं। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि किसी भी पद को स्वीकार कर मानवता रखकर काम करें। बड़े समाज को छोटे-छोटे समाज को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। सत्ता में आने व पद मिलने पर जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। 5 वर्ष तक मिले जनप्रतिनिधि की इस ताकत को पूरा प्रयास में लगाना है व अन्य लोगों को साथ लेकर चले तथा अधिकतम काम करने का प्रयास करें। रास, ब्यावर के संत नारायण नाथजी महाराज व रिंया बड़ी के संत सुरगिरि महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के सचिव राधाकिशन तंवर, सैनिक क्षत्रिय माली समाज नागौर के अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा, कोषाध्यक्ष कैलाश गहलोत सहित कार्यकारिणी के सदस्य अर्जुन कच्छावा, पारसमल परिहार, मनोज गहलोत, रामनिवास गहलोत, लूणाराम सोलंकी, पापा लाल सोलंकी, पुखराज सांखला, पाबुदान सांखला, नरेश सोलंकी, बाबूलाल गहलोत, नरेंद्र पंवार, कृपाराम गहलोत, रामजीवण सांखला, दीपक गहलोत, माली समाज के सचिव मनीष कच्छावा सहित अनेक बंधुओं द्वारा भामाशाहों तथा बाहर से पधारे श्रद्धालु बंधुओं का भाव भीना स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन बालकिशन ने किया। इस अवसर पर दक्षिण भारत से पधारे भारत माता मोहन, जैतारण के पूर्व प्रधान अमराराम भाटी, जेएसडब्ल्यू के प्रोजेक्ट हेड वीरेंद्र सैनी, लोकेश टाक, फूलचंद टाक, नथमल गहलोत, भोपालगढ़ के कालूराम सोलंकी, पांचाराम सोलंकी तथा संग्राम सिंह गहलोत, मनोहर लाल गहलोत, मेड़ता माली समाज के अध्यक्ष जबर सिंह, कुचेरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष पुखराज टाक, डेगाना के पुखराज भाटी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत तथा उदयपुरवाटी के विधायक भगवान राम सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।







# भाजपा नेता जसबीर सैनी ने सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर किया नमन

## जसबीर सैनी बोले- सैनी समाज की मांग....बहादुरगढ़ में भी सरकार बनाये सावित्री बाई फुले की प्रदेश की सबसे बड़ी मूर्ति

बहादुरगढ़। भाजपा नेता जसबीर सैनी व रामकँवार सैनी ने सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सैनी समाज के लोगों के साथ खरखोदा में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 21 फुट प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और सरकार से मांग की हैं कि सोनीपत की तर्ज पर हरियाणा प्रदेश की सबसे बड़ी सावित्री बाई फुले की मूर्ति बहादुरगढ़ में बननी चाहिए। सावित्री बाई फुले ने दलितों की सेवा, महिलाओं के



सशक्तिकरण और शिक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दी थी। सावित्री बाई फुले ने न सिर्फ खुद पढ़ाई की, बल्कि दूसरी महिलाओं के लिए भी शिक्षा के दरवाजे खोले और उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया। जसबीर सैनी ने कहा कि फुले के द्वारा जनचेतना के लिए किये गए कार्य हमेशा प्रेरित करते रहेंगे। जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य व भाजपा नेता जसबीर सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थी।

# राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड माली समाज मालपुरा महात्मा ज्योतिबा फुले की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया



मालपुरा। राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड माली समाज मालपुरा द्वारा सामाजिक क्रान्ति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया जिसमें फुले ब्रिगेड जिलाध्यक्ष एंड मुकेश सोपरिया जिला संयोजक राकेश कटारिया व जिला कोषाध्यक्ष व युवा मोर्चा तह.अध्यक्ष मुकेश कुमार गोला, रामनिवास तुणकल्या, राकेश पार्षद, राकेश अजमेरा, भागचंद सुवाल, सौभाग्य सिंह, एड. भागचंद बबेरवाल, जगदीश भास्कर, हनुमान चागवाल, रूचिता मनोज सैनी, रा.फुले ब्रिगेड टीम पीपलू, प्रहलाद तलाईच, रामलाल सोपरिया, प्रभूलाल गोला, रामपाल कटारिया, जीतराम गढ़वाल, सुखा करोडीवाल,एस पी स्पोर्ट्स, राजाराम पटेल, ओमप्रकाश झाडोल्या,एंड. पुरूषोतम आरेडिया, सत्यनारायण चागवाल, बजरंग जमुदिया, पांचू जमुदिया, रामबाबू आरेडिया,रामकुवार मालूणी, हनुमान कच्छावा, शंकर भाटया,पोखर मोहनीया, भंवर सिंगोदिया, सुखपाल सुईवाल, राजेन्द्र आरेडिया, एड. प्रेम प्रकाश सुवाल, गणेश गोला, रामप्रसाद कटारिया, गिरिराज जादम, महावीर सोपरिया,कजोड बागड़ी, दिनेश सोपरिया, प्यारेलाल गोला, रामनिवास बागड़ी, शौकिन जमुदिया, रामेश्वर बागड़ी, धर्मराज बबेरवाल, नारायण सोपरिया,जौरूलाल झाडोल्या,मोहन खुवाल, श्योजीलाल गुलगांव आदि उपस्थित थे।

**जज्बा : जोधपुर रेल मंडल की पहली महिला लोको पायलट हैं ममता, पूरे मंडल में केवल एक महिला लोको पायलट व 11 पायलट**

# दिवस जोखिम भरा था काम, नहीं हारी हिम्मत, अब फर्राटे से दौड़ा रहीं ट्रेन




जोधपुर। भारतीय रेल में ट्रेन संचालन सबसे अधिक सतर्कता वाली नौकरी मानी जाती है। इसमें प्रत्यक्ष रूप से यात्रियों की सुरक्षा व संरक्षा की सबसे बड़ी जिम्मेदारी ट्रेन चलाने वाले लोको पायलट की होती है। ट्रेनों का संचालन करने वाले अधिकांश लोको पायलट व सहायक लोको पायलट पुरुष होते है, लेकिन अब इस जेखिम भरे काम में महिलाएं भी पीछे नहीं है। इसमें प्रमुख नाम है समाज की बेटी ममता का ममता पूरे जोधपुर रेल मंडल को पहली महिला लोको पायलट है। ममता ने कहा, यह बहुत जोखिम का काम है, लेकिन मैं अपने काम से सन्तुष्ट है। मामूली लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता है। इसलिए सीनियर्स के मार्गदर्शन में बारीकियां सोख काम करती हूँ।

**सहायक लोको पायलट लगी:** ममता ने बताया कि वह 3 अगस्त 2015 को बतौर सहायक लोको पायलट (गुड्स) की पोस्ट पर लगी इसके 24 नवम्बर 2017 को प्रमोशन हुआ और सीनियर सहायक लोको पायलट बनी। इस दौरान पुरुष लोको पायलट के साथ ट्रेन चलाने लगी। हाल ही में गत दिसम्बर माह में लोको पायलट बनी उसे पूरे जोधपुर मंडल में पहली महिला लोको पायलट बनने का गौरव मिला। अब तक वह बीकानेर आबू रोड, मेड़ता फुलेरा आदि तक गुड्स ट्रेन लेकर गई है।

**ससुराल व परिजन खुश:** ममता ने शादी से पहले ही लग कि उसकी गई थी। यह बात उसके ससुराल वाले जानते थे लेकिन उसकी इस हार्ड ड्यूटी को लेकर कोई आपत्ति नहीं की। उसके लोको पायलट बनने पर ससुराल व पीहर वालों ने खुशी जताई। उसके पति भागीरथ सैनी पीएचडी कर रहे हैं। उनका एक लड़का नर्सरी कक्षा में है। ममता ने बय कि रेलवे के लिए काम करना मेरे लिए खुशी की बात है। मेरे दादा ससुर भी लोको पायलट रहे हैं। ट्रेन संचालन के दौरान हमारा मोबाइल भी बन्द रहता है।

**महिला साथी प्रोत्साहित होती हैं:** आज ट्रेन हुए लोग या महिला साथी देते हैं तो खुश होते हैं। साथ ही महिला साथी जो सहायक लोको पायलट है, वे सभी मुझे ट्रेन संचलन करते देख उत्साहित होती है कि हमारे साथ फर्स्ट लेडी लेको पायलट चल रही है। ममता युवाओं के लिए एक आदर्श है उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति व मेहनत से आज वो उस मुकाम पर है जहां महिलाओं की नगण्य उपस्थिति है।

### परिश्रम की पराकाष्ठा तक संतोष नहीं करना चाहिए : सांखला

# माली (सैनी) समाज प्रतिभा सम्मान समारोह में 378 प्रतिभाओं को किया सम्मानित



पीपाड़ शहर। माली सैनी सेवा संस्थान सब्जी मंडी के तत्वाधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर माली सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सब्जी मंडी परिसर में किया गया। शुरुआत संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्रीबाई फुले की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व संयुक्त निदेशक शिक्षा प्रेमचंद सांखला ने प्रतिभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी को परिश्रम की पराकाष्ठा तक संतोष नहीं करना चाहिए। जहां हम संतुष्ट हो गए वहां हमारा विकास रुक जाएगा। पूर्व पालिक अध्यक्ष प्रभाकर टाक, महेंद्रसिंह कच्छावाह, बाबूलाल टाक, प्रधानाचार्य रामकिशोर सांखला, रघुनाथ टाक सोहनलाल सांखला सहकारिता निरीक्षक अमृतलाल सांखला ने कहा की समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है उन्हें आगे लाने का समाज कार्य करें और समय-समय पर उनका सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित कर आगे बढ़ाने के लिए हौसला अफजाई करें तो समाज की और भी प्रतिभाएं निखर कर आगे आएगी। प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं 12वीं एवं ग्रेजुएशन अन्य में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली 378 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन सुमेरसिंह ने किया। मंडी अध्यक्ष जवरीलाल गहलोत उपाध्यक्ष हनुमानराम भाटी, सचिव बाबूलाल सांखला, कोषाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह कच्छावाह के अलावा सदस्य अशोक, सोनाराम, प्रेमसिंह, राजेंद्रसिंह, कानाराम, जबरसिंह, जवरीलाल, लादूराम, लक्ष्मणराम, ओमप्रकाश, बाबूलाल, नाथूराम, वीरेंद्रसिंह, अशोक, श्यामलाल, भाकरराम सहित समाज के गणमान्य नागरिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## नायाब सैनी के मुख्यमंत्री बनाये जाने पर सैनी समाज के युवा प्रधान गौरव सैनी ने सैनीपुरा मैं लड्डू बाँट मनाई खुशी



सांसद नायाब सैनी को हरियाणा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाये जाने पर सैनी समाज के युवा प्रधान गौरव सैनी ने सैनीपुरा मैं लड्डू बाँट खुशी मनाई।

युवा प्रधान गौरव सैनी ने कहा की हमारे समाज के लिए गौरव की बात है की हरियाणा प्रदेश मैं पहली बार मुख्यमंत्री पद प्राप्त हुआ है। एक साधारण परिवार के नायाब सैनी को मुख्यमंत्री बनाना यह सिर्फ और सिर्फ भाजपा मैं ही संभव है। आज पुरे प्रदेश में खुशी का माहौल है । भाजपा सबका साथ - सबका विकास के नारे को सार्थक कर रही है । जिस प्रकार भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने नायाब सैनी पर विश्वास जताया है हमें पूरी उम्मीद है की वो इसे पूरी ईमानदारी के साथ सभी वर्गो को साथ लेकर आगे बढ़ेंगे।

सैनी ने कहा की राजस्थान के बाद आज हरियाणा प्रदेश मैं समाज का मुख्यमंत्री बना है। क्योंकि नायाब सैनी प्रदेश की 36 बिरादरी के दिलो में राज करते है इसलिए भाजपा ने उन्हें यह जिम्मेदारी दी है। भाजपा में एक आम कार्यकर्ता उच्च पद तक पहुँच सकता है। गौरव सैनी ने जहाँ भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया वही जल्दी ही सैनीपुरा मैं मुख्यमंत्री का सम्मान समारोह करने की बात कही, जिसमें 36 बिरादरी उनका सम्मान करेगी।

इस अवसर पर कवर सैनी, रामकुमार सैनी, नफे सैनी, बनी सैनी, जोगिंदर सैनी, तारा सैनी, मांगेराम सैनी, अत्रे सैनी, लिछे सैनी, जयकिशन सैनी, राजू सैनी, रविंद्र सैनी, राजपाल सैनी, भोला सैनी, जयसिंह सैनी, सुभाष सैनी, विनोद सैनी, बलबीर सैनी, नवल सैनी, नीरज सैनी, सुखबीर सैनी, राजू सैनी, विशाल सैनी, राजेश सैनी, बलवान सैनी, कुलदीप सैनी, जोतराम सैनी आदि मौजूद थे ।

## ऐसे सांसद थे "सुंदरलाल सैनी" को नमन जिन्होंने ठुकरा दिया था मंत्री पद



सहारनपुर। सहारनपुर और हरिद्वार सीट से कई बार सांसद रहे हैं सुंदरलाल । सासंद के रोचक स्मरण को उनके प्रतिनिधि रह चुके 75 वर्षीय जयनाथ शर्मा से बातचीत के कुछ अंश... । कलसिया रोड के निवासी जयनाथ शर्मा बताते हैं कि बिजनौर के रहने वाले सुंदरलाल 1952 से 1977 तक लगातार हरिद्वार और सहारनपुर सीट पर कांग्रेस से सांसद रहे हैं। इसके बाद वह 1984 में हरिद्वार सीट से सांसद बने। यह मामला साल 1985 का है। सांसद सुंदरलाल सैनी और अन्य पदाधिकारी दिल्ली वीपी हाउस में बैठे हुए थे। तभी कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष महावीर प्रसाद वहां आए। उन्होंने सांसद सुंदरलाल को कहा कि प्रधानमंत्री जी बुला रहे हैं आपके साथ लंच करना है। उस समय प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे। इस पर सांसद ने बड़ी विनम्रता से कहा कि आज वह लंच पर नहीं आ सकते। कल आ जाएंगे। अगले दिन मिलने पहुंचे तो प्रधानमंत्री ने उन्हें ऑफर दिया कि आपको एक अहम मंत्रालय सौंप रहे हैं। इस पर सुंदरलाल ने स्पष्ट कहा कि वह कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं, उन्हें मंत्री नहीं बनना है। लगे हाथ सिफारिश की दी कि आप शाहजहांपुर से सांसद कुंवर जितेंद्र प्रसाद को ऑल इंडिया कांग्रेस में जनरल सेक्रेटरी बना दीजिए। जिस पर प्रधानमंत्री ने तुरंत हामी भर दी थी। 1987 में सांसद सुंदरलाल का निधन हो गया था।

**पोस्ट कार्ड पर करा देत थे समस्या का समाधानेः**

जयनाथ शर्मा बताते हैं कि सांसद सुंदरलाल अविवाहित थे। जो देहरादून में अपने अन्य परिजनों के साथ रहते थे। वह जब भी अपने लोकसभा क्षेत्र में आते थे तो अक्सर लोगों से कहते थे कि यह मेरे घर का पता है। अगर मैं मिल भी न पाऊं तो इस पते पर चिट्ठी भेज देना। समस्या का समाधान होते ही मैं खुद आपको चिट्ठी भेजकर अवगत करा दूंगा। हमारे गौरवशाली इतिहास के ऐसे महानायक को बारम्बार नमन।

## फुले दंपति की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम

# महात्मा फुले के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लेवें- अविनाश गहलोत

पुष्कर। महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फूले सर्किल विकास समिति द्वारा तिलोरा रोड स्थित रेलवे फाटक के पास महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय स्मारक पर फुले दंपति की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्किल विकास समिति के अध्यक्ष ताराचंद गहलोत ने बताया कि सावित्रीबाई फुले की 127वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित प्रतिमा अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्य अतिथि में अपने संबोधन में कहा कि महात्मा ज्योतिबा समाजसुधारक, समाज प्रबोधक, विचारक, समाजसेवी, लेखक, दार्शनिक तथा क्रान्तिकारी कार्यकर्ता थे। उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लेने की अपील की। पुष्कर के स्थानीय विधायक एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शुभकामना संदेश भेजकर आयोजन समिति को बधाई दी एवं सर्किल पर पुस्तकालय हेतु सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 4 लाख रुपये की घोषणा की। बांदीकुई विधायक भागचंद टांकडा ने ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई फुले द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गये कार्यो का उल्लेख करते हुए सभी से बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने की अपील की। उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी ने संबोधित करते हुए सर्किल विकास समिति की प्रशंसा की एवं महात्मा फुले सावित्रीबाई फुले के विचार आज भी प्रासंगिक है उनकी जीवनी एवं साहित्य का व्यापक प्रचार प्रसार होना चाहिये। सर्किल विकास समिति के उपाध्यक्ष डॉ. अजय सैनी ने बताया कि प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में नगर पालिका पुष्कर के अध्यक्ष कमल पाठक, महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय जागृति मंच के राष्ट्रीय संयोजक मोती बाबा सांखला, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज राजस्थान के अध्यक्ष सेवाराम दग्दी, हरियाणा के अध्यक्ष ओ पी सैनी, पीएम सैनी नासिक, हरिदास महाराज, सागर बापू महाराज, विशनाराम देवड़ा जोधपुर, जी एल वर्मा, संदीप नायक पुणे, विजय सिंह भाटी, बिरधीचन्द सिंगोदिया, श्रीमती गीता सोलंकी, श्रीमती बीना टांक, पायल सैनी, सीपी सैनी, पुखराज सांखला,भवानी शंकर माली, मुरली बालान, सर्वेश्वर पलरिया, छोटूराम सांखला, शिवनारायण कच्छावा,नवीन कच्छावा, जब्बर सिंह भाटी, अमराराम माली, संग्राम गहलोत सहित के समाज के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फूले सर्किल विकास समिति की ओर से पदाधिकारी संरक्षक बाबूलाल महावर, सत्यनारायण भाटी, कैलाश चंद चौहान, सीताराम सतरावला, सूरजमल दग्दी, राजेंद्र महावर,नितेश गहलोत, मांगीलाल अजमेरा, पुखराज दग्दी, राहुल उबाना, खेमचंद उबाना,धीरज जादम, आशीष तंवर, हरिशंकर चौहान, घनश्याम भाटी, मंगनी राम अजमेरा, अशोक सैनी,सुखाराम भाटी, नंदकिशोर कुँवाल आदि उपस्थित रहे।

## सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर, मातृशक्ति वंदन व जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित

# 1127युवाओं ने किया रक्तदान, 310 मातृ शक्तिव 375 जनप्रतिनिधियों का हुआ अभिनंदन।

लक्ष्मणगढ। देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री फुले की 127वीं पुण्यतिथि पर रविवार को सीकर के सीआर मैना मैरिज गार्डन में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, मातृशक्ति वंदन व जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित हुआ। यह जानकारी देते हुए फुले ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी ने बताया की सैनी समाज एवम राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के तत्वाधान में संभाग स्तरीय कार्यकर्म में 1127 युवाओं ने रक्तदान किया गया जबकि आयोजित समारोह में 310 मातृशक्ति व 375 जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया। सीकर संभाग प्रभारी नरेश मिटावा ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष प्रेमप्रकाश मिलन, ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी, सैनी समाज के अध्यक्ष राजकुमार दईया, रामलाल सैनी, राधाकिशन चौबदार, नरेश मिटावा ,सुनील घोराणा आदि ने सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन एवम पुष्प अर्पित करके किया । जिला अध्यक्ष सुनील घोराणा ने बताया की कार्यक्रम में शसंभाग के सीकर,चुरू, झुंझुनूं, नीमकाथाना, जिलों की समाज की महिला शक्ति जो की वर्तमान में विभिन्न सरकारी पदो पर कार्यरत है एवम नेट, सेट, जेआरएफ के साथ साथ खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य सत्तर पर राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयनित , प्रतिभागी और विजेता महिलाओं व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। कार्यकर्म में महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षण संस्थान की बालिकाओं द्वारा स्वागत गायन एवम नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को सरपंच रामलाल सैनी द्वारा प्रमाण पत्र एवम बैग भेंट किए गए। जिला प्रभारी रमेश पंवार ने बताया की महिला शक्ति एवम खिलाड़ियों को मोमेंटो एवम प्रमाण पत्र सांसद सुमेधनानंद सरस्वती, धोद विधायक गोरधन वर्मा जिला परिषद सदस्य परमानंद सैनी, कांवट सरपंच मीना सैनी, नीलम सैनी,सुरेश पार्षद एवम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश सैनी ने प्रदान किए । जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह में जनप्रतिनिधियों को सरपंच रामलाल सैनी, विनोद नटखट, आनंद टांक, महावीर सरपंच, मुकेश खडोलिया, संदीप सैनी उदयपुरवाटी आदि अतिथियों ने मोमेंटो एवम प्रशस्ति पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में पंजाबी सिंगर




राज सैनी हिसार ने माता सावित्री बाई फुले पर फिल्म निर्माण की घोषणा की। संचालन महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान के सचिवओमप्रकाश सैनी ने किया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता गठाला,नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष अशोक चौधरी,पूर्व शहर विधायक रतनलाल जलधारी,भाजपा नेता एडवोकेट रतन लाल सैनी,जितेंद्र प्रधान पिपराली, दायरा सरपंच सुभाष सैनी, सीपी सैनी दायरा, रामप्रताप गोरधनपुरा, दीनदयाल नेछवा ,राजेश पार्षद लोसाल, मनोज राकसिया यूथ विंग जिला अध्यक्ष,मुकुल खीचड़ यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष,महेश श्रीमाधोपुर,मुकेश ,कांवट सरपंच मीना सैनी,अर्जुन सरपंच पनियारवास, बनवारी लाल पंचायत समित सदस्य, राकेश, संदीप, योगेश,मोतीराम,सुरेंद्र, सुशिल रेटा,मुकेश आशीर्वाद,सुभाष गिनीज ग्रुप,शुभम जादम, अधिकारी कर्मचारी संस्था अध्यक्ष रविशंकर, सैनी माली संस्था अध्यक्ष भंवरलाल गार्ड, सैनी जागृति संस्था अध्यक्ष विष्णु सिंगोदिया, सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे ।

# नव नियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संक्षिप्त जीवन परिचय

नायब सिंह सैनी का जन्म 25 जनवरी 1970 को अंबाला के एक छोटे से गाँव मिर्जापुर माजरा में एक सैनी परिवार में हुआ था। उन्होंने मुजफ्फरपुर में बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय और चौ. बीए और एलएलबी की डिग्री हासिल करने के लिए चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में शिक्षा ली थी ।

वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े, जिसके माध्यम से उनकी मुलाकात मनोहर लाल खट्टर से हुई और वह उनसे प्रभावित हुए। कुछ समय बाद वह भाजपा में शामिल हो गए और उसके बाद अंबाला छावनी में इसके अध्यक्ष सहित कई स्थानीय पार्टी कार्यालयों में कार्य किया। वह ओबीसी का वोट बैंक रहे हैं और लंबे समय से पार्टी के प्रति वफादार रहे हैं। उन्होंने 2010 में नारायणगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ा लेकिन कुल 116,039 वोटों में से 3,028 वोट हासिल कर रामकिशन गुर्जर से हार गए। 2014 में उन्होंने 24,361 वोटों से चुनाव जीता था। वह हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री थे। अब वह कुरुक्षेत्र से सांसद चुने गये हैं ।

लोकसभा चुनाव 2019 बीजेपी ने कुरुक्षेत्र सीट बरकरार रखने के लिए बागी सांसद की जगह हरियाणा के मंत्री नायब सैनी को नियुक्त किया गया और उन्होंने वहां जीत दर्ज की। कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी ने प्रदेश महामंत्री संगठन में हरियाणा बीजेपी के सहयोगी के रूप में साल 1996 से 2000 तक सेवाएं दी। इसके बाद वो साल 2002 में युवा मोर्चा बीजेपी अंबाला से जिला महामंत्री बने रहे। इसके बाद साल 2005 में युवा मोर्चा भाजपा अंबाला में जिला अध्यक्ष पर बने रहे। साल 2016 में हरियाणा के राज्यमंत्री भी रहे नायब सिंह सैनी ने साल 2009 में किसान मोर्चा भाजपा हरियाणा के प्रदेश महामंत्री रहे। साल 2012 में बीजेपी अंबाला से जिला अध्यक्ष रहे। साल 2014 में वो नारायणगढ़ विधानसभा से विधायक बने। इसके बाद साल 2016 में वो हरियाणा सरकार में राज्य मंत्री रहे। वहीं, वो साल 2019 में कुरुक्षेत्र से सांसद चुने गए। इसके बाद आज उन्हें केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर जिम्मेदारी सौंपी थी जिसे बखूबी निभा रहे थे तभी उनके कुशल नेतृत्व क्षमता व पार्टी के साथ हरियाणा आमजन की पुकार पर मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद से नवाजा गया।

## आयोजन - माली समाज ने कार्यक्रम का आयोजन किया, क्षेत्र के लोग शामिल हुए
## न्यू कॉलोनी में सावित्री बाई फूले की 127वीं पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित



कुचामन सिटी.सावित्री बाई फूले की पुण्यतिथी मनाते हुए।



कुचामन सिटी। स्थानीय माली समाज द्वारा शहर के न्यू कॉलोनी स्थित एक निजी स्कूल में भारत की प्रथम महिला शिक्षक एवं नारी शिक्षा की प्रेरणापुंज श्क्रांतिज्योति सावित्री बाई फूले की 127 वीं पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर उपस्थित जनों ने सावित्री बाई फूले के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर उनके द्वारा समाज उत्थान के लिए किए गए कार्यो को याद किया गया। माली समाज के नगर अध्यक्ष जगदीश सैनी ने सावित्री बाई फूले को एक महान समाज सुधारक और प्रेरणादायी शिक्षक की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने नारी शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कार्य किए समाज में महिला को समान दर्जा देने के लिये जीवन पर्यन्त संघर्षरत रही। इस मौके पर मिठ्ठलाल सैनी, खेताराम सिंगोदिया, पवन सैनी, मुकेश सैनी, रामअवतार सैनी, मोनू सैनी, विशाल सैनी, महेन्द्र सैनी, दीपक इन्दौरा, दिनेश सैनी सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि सावित्री बाई फुले ने समाज उत्थान के लिए अनेक ऐसे कार्य किए जिससे समाज को सीख लेने की जरूरत है।

### सावित्री बाई फुले के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

**डीडवाना।** स्थानीय कुचामन रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले की 127वीं पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सावित्री बाई फुले के बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर माली सेना डीडवाना अध्यक्ष सुरेश कुमार, बाबा रामदेव मन्दिर ट्रस्ट अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, मांगीलाल, नेमिचन्द, चम्पालाल, कालुराम, जगदीश, प्रेमप्रकाश, ओमप्रकाश आदि उपस्थित थे। डीडवाना. सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए।

**सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि - जिलेभर में हुए कई कार्यक्रम, फुले को श्रद्धांजलि देकर उनके आदर्शों को अपनाने का आव्हान**

# वक्ताओं ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा व महिलाओं को सम्मान देने का किया आहवान, समाज की कुरीतियां मिटाने की शपथ ली

चूरू। जिला मुख्यालय पर रविवार को सर्वसमाज के लोगों ने सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाई। कलेक्ट्रेट के पास स्थित अंबेडकर प्रतिमा के पास हुए कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, महिलाओं को सम्मान देने तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने की शपथ ली। इस अवसर पर विजय पंवार, राकेश पंवार, कृष्ण कुमार राणासर, कन्हैयालाल चंदेलिया, बजरंग बजाड़, प्रीतम बजाड़, बाबूलाल कल्ला, विकास मीणा, अरुण हटवाल, मंजू मेघवाल शर्मिला, नवदीप पंवार, विनय चांवरिया, विजेंद्र चांवरिया, इरफान खान, लक्ष्मण जैदिया, देवकरण, अरुण कुमार आदि उपस्थित थे। सादुलपुर द्य नवां गांव के बौद्ध विहार में सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। अध्यक्षता कर रहे धर्मपाल बौद्ध ने फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्ष के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले ने महिलाओं के लिए पहला स्कूल खोला। डॉ. अंबेडकर सामाजिक एकता मंच जिला प्रवक्ता पृथ्वीसिंह ने बच्चों को पढ़ने की हिदायत देते हुए कहा कि आपका अगर सबसे विश्वास पात्र कोई है तो वो आप स्वयं हैं। इसलिए पढ़ाई बहुत जरूरी है। तहसील अध्यक्ष सोमवीर बेरवाल ने भी विचार व्यक्त किए। संतरो बौद्ध, बबीता बेरवाल, विनोद डाबला, संजय लाखटिया, सुनील लाखटिया, अंकित, आकाश, सचिन आदि मौजूद रहे।

**रतनगढ़।** भाजपा शहर मंडल की ओर से रविवार को सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी हुई। शहर मंडल संयोजक महेश सैनी ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने नारी उत्थान व शिक्षा के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया था। सोनू सैनी, सोमन सरावगी, आकांक्षा टाक, इशिता गौड़, सौम्या सैनी, अमित हरितवाल अर्जुनसिंह फ्रांसा, हनीफ खत्री, कुसुम शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। गोष्ठी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वरूपसिंह सेहला, बाबूलाल प्रजापत, प्रहलाद भार्गव, मेजरसिंह, सुरेंद्रसिंह, सुरेंद्र गाडगिल, ओम महर्षि, निरंजन रूंथला, प्रदीप भरतिया, किशन सैनी आदि मौजूद रहे। संचालन अरुण पचलंगिया ने किया। इसी प्रकार सैनी नवयुवक मंडल की ओर से भी सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था अध्यक्ष सुनील कम्मा ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। ओमप्रकाश टाक, गौरीशंकर खडोलिया, परमेश्वरलाल गौड़, नंदकिशोर गौड़, अश्वनी सैनी, विशाल मिटावा, हरिप्रसाद गौड़ आदि मौजूद रहे।





**सिद्धमुख।** डॉ. अंबेडकर सामाजिक एकता मंच की ओर से रविवार को सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। मंच जिलाध्यक्ष डॉ. दुलीचंद फार्डन, झींडूराम धोलिया, भूपसिंह धोलिया, मानसिंह धाणक, चन्द्रभान सोलंकी, रमेश धोलिया, नीलम तंवर, किरण, धापा आदि ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। अतिथियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 19 जोड़ो ने पौधे और बेटी बचाने का संकल्प लिया

बिदियाद। माली सैनी समाज सामूहिक विवाह समिति छह गांव मकराना, परबतसर, बोरावड़, बिदियाद बड़ू और कालवा मुख्यालय परबतसर के तत्वावधान में माली सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन ग्राम बिदियाद में सोमवार को संपन्न हुआ। विवाह सम्मेलन बिदियाद के रेलवे स्टेशन के पास हजारीराम तंवर कृषि फार्म में आयोजित किया। बिदियाद माली समाज अध्यक्ष कैलाश चंद तंवर ने बताया कि 25वां माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन बड़ी धूमधाम से सोमवार को सम्पन्न हुआ। बिदियाद में माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में माली समाज के सैकड़ों नागरिकों व महिलाओं की उपस्थिति में विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ। माली समाज विवाह समिति द्वारा वधू को कई उपहार भेंट किए गए। आचार्य पंडित विमल पारीक के सान्निध्य में 27 पंडितों की टोली के साथ 19 वर-वधु जोड़ों के साथ भगवान सालेग्राम संग तुलसी विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ



विवाह संपन्न हुआ। आचार्य पंडित विमल पारीक ने बताया कि वर को आठवां वचन अधिक से अधिक पौधरोपण करने का दिलवाया व वधु को वचन कन्या भ्रूण हत्या नहीं करने को लेकर दिलवाया गया। विवाह सम्मेलन में लगभग छह लाख रुपए कन्यादान स्वरूप प्राप्त हुए।

**कार्यक्रम में माली समाज के पदाधिकारियों का भी रहा पूरा सहयोग:** इस दौरान विवाह समारोह के मुख्य अतिथि अनुभव चंदेल जयपुर विवाह सम्मेलन अध्यक्ष इतिहास मसाला निर्देशक कृपाराम गहलोत कुचेरा, विजय कुमार अजमेर, अखिल भारतीय माली सेवा सदन संस्थान पुष्कर के अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला, बिदियाद सरपंच श्रवण कुमार बुगालिया, माली समाज छह गांव सामूहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष भंवर लाल गहलोत, बिदियाद माली समाज

अध्यक्ष कैलाश तंवर, बिदियाद माली समाज विवाह समिति संरक्षक रामप्रसाद तंवर, संदीप सैनी उदयपुरवाटी, सेवाराम, रमेश टांक परबतसर, बडू अध्यक्ष नारायणराम गहलोत, कालवा अध्यक्ष गणपतलाल बबेरवाल, कोषाध्यक्ष चंद्रभान मारोठिया, रामनारायण माली, डीवाईएसपी रामप्रसाद बडारडा, छितर बडारडा, अनुराग तंवर, नंदकिशोर , दीपक सैनी, आदि मौजूद रहे।

माली समाजः समाज के संस्थान बीपीपीएस से कोचिंग लेकर 38 साल में 10 हजार से अधिक युवाओं ने बैंकिंग क्षेत्र में पाया रोजगार

# दिल्ली में बनेगा हॉस्टल, माली समाज की प्रतिभाएं कर सकेंगी उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

**शिक्षा के अलावा विधवा-विकलांग पेंशन, रोगियों, जरूरतमंदों को सहायता, बेटियों के विवाह में कर रहे आर्थिक सहयोग**

जोधपुर खेती-बाड़ी, बागवानी से ताल्लुक रखने वाला माली समाज मुख्यधारा का अग्रणी समाज बन रहा है। माली समाज विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के साथ शिक्षा-रोजगार दिल्ली में छात्रावास बनाएगा, जहां रहकर समाज की प्रतिभाएं आईएएस, एनडीए, सीडीएस, नीट सहित अन्य उच्च प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगी। माली संस्थान की वर्तमान कार्यकारिणी ने इस संबंध में तैयारी भी शुरू कर दी है। आगामी समय में इसका खाका को बहुत महत्व दे रहा है। इसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए माली समाज बनाकर मूर्त रूप दिया जाएगा।

**यह गतिविधियां भी चल रही**

- **जीवनयापन के लिए दे रहे पेंशनः** संस्थान की ओर से समाज की जरुरतमंद विधवाओं व विकलांग महिला-पुरुषों को उनके जीवन यापन के लिए प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। वर्तमान में समाज के करीब 30 लाभार्थी लाभान्वित हो रहे हैं।

- **छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टलः** संस्थान की ओर से समाज के छात्र-छात्राओं के लिए हॉस्टल भी संचालित किया जा रहा है। इसमें चयनित छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए रहने ठहरने की व्यवस्था है।

- **बेटियों की शादी में मददः** समाज की संस्थाओं के सहयोग से जरुरतमंद कन्याओं को विवाह करना व आर्थिक सहयोग करना।

-**सर्वसमाज के लिए आरोग्य भवनः** एम्स के सामने माली समाज का आरोग्य भवन बनाया गया है। जहां सर्व समाज के रोगियों व उनके परिजनों के रहने ठहरने की व्यवस्था ।

**युवा प्रतिभाओं को शीर्ष स्तर तक ले जाना हैः** संस्थान का प्रयास समाज की बेरोजगार युवा प्रतिभाओं को न्यूनतम से शीर्ष स्तर तक पहुंचाना है. इस अभियान से समाज के हजारों युवा लाभान्वित हुए हैं। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक गतिविधियां व समाज हित के कार्य करना है।

**प्रेमसिंह परिहार, अध्यक्ष, माली संस्थान, जोधपुर**

सूरसागर माली (सैनिक क्षत्रिय) संस्थान-शपथ ग्रहण समारोह आयोजित, समाजहित में अनेक कार्य करने का लिया निर्णय

# पदाधिकारियों ने ली शपथ, सर्व समाज के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का उठाया बीड़ा



जोधपुर। सूरसागर माली (सैनिक क्षत्रिय) संस्थान की प्रबंध कार्यकारिणी समिति का चुनाव 14 फरवरी को संस्थान प्रांगण के शिव मंदिर में निर्विरोध आयोजित होने के साथ ही रविवार को कार्यकारिणी सहित पदाधिकारियों ने शपथ ली। सूरसागर स्थित संस्थान के शिव मंदिर में आयोजित हुए समारोह में चुनाव अधिकारी नेमीचंद गहलोत शपथ दिलाई। अध्यक्ष रणवीरसिंह परिहार ने सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए समाज में आगे आकर कार्य करने का आव्हान किया। साथ ही खुद के घर से शिक्षा की शुरुआत करते हुए जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के साथ शिक्षा प्रदान करने का भी आव्हान किया। परिहार ने कहा कि सर्वसमाज के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य संस्थान की ओर से किया जाएगा। इससे आने वाले समय में हर युवा शिक्षित आए और देश को आगे बढ़ाने में मदद कर सकें। निर्विरोध चुनावों में उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छवाह, कमलेश सोलंकी, संदीप तंवर, सेवाराम सांखला, प्रकाश चंद पंवार, विनोद पंवार व नरेंद्र सिंह कच्छवाह ने शपथ लेकर समाजहित में कार्य करने का आव्हान किया।

**धार्मिक अनुष्ठान पर देंगे जोर, पर्यावरण को देंगे बढ़ावाः**

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने संस्थान के सभी पदाधिकारियों सहित समाजबंधुओं से भी आव्हान किया कि बीमारियों के प्रकोप से बचने के लिए हमें आसपास पौधे लगाते हुए पर्यावरण को बढ़ावा देने पर संस्थान की ओर से कार्य किया जाएगा इसके साथ ही सनातन धर्म के धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के साथ बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। वहीं संस्थान की ओर से आने वाले दिनों में समाजबंधुओं के लिए स्वास्थ्य और चिकित्सा शिविर भी आयोजित किए जाएंगे और युवाओं से आव्हान कर रक्तदान का संकल्प भी दिलाया जाएगा। इसके साथ ही नई कार्यकारिणी नई ऊर्जा के साथ समाज के हितों के लिए हमेशा प्रयासरत रहेगी।

राव महोत्सव – फूलबाग पर रंग का छापा लगा चुना 26 साल का राव, कुंड में हजारों लोगों ने लगाई डुबकी

# सफेद धोती-कुर्ता, पांव में घुंघरू पहन युवा-बुजुर्गों ने सुरक्षा घेरा बना 'राव' सुरेंद्र को मंडोर कुंड पहुंचाया




जोधपुर। मंडोर क्षेत्र के 9 बेरों के माली समाज की ओर से 632वां राव महोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया। हजारों की संख्या में बच्चे, युवा सहित बुजुर्ग सफेद धोती-कुर्ता, पांव में घुंघरू और हाथ मैं लाठी लिए शामिल हुए। पारंपरिक राव महोत्सव की शुरुआत मंडावता बेरा से पूजा अर्चना के बाद खोखरिया पहुंचकर शुरूआत की। चंग की थाप के साथ विभिन्न गेरों की टोलियां में युवा फागण गीतों का गायन कर चलते नजर आए। खोखरिया से शुरू होने वाली गेरों में जिस रास्ते से गेर निकलती वहां से युवा भी शामिल होते गए। मंडोर के संपतसिंह ने बताया कि हजारों की संख्या में युवा गेरों का गायन करते हुए मंडावता चौराहा से भियाली बेरा, गोपी का बेरा होते हुए संतोकसिंह के बेरा पहुंचे। परंपरा के अनुसार राव को चुनने के बाद उसको सही सलामत रूप से मंडोर उद्यान के राव कुंड तक पहुंचाने में सुरक्षा की जिम्मेदारी मंडावता बेरा के लोगों की ओर से निभाई गई। राव के कुंड में स्नान करने के साथ ही सुरक्षा जिम्मेदारी पूरी हो जाती है।

**मार्च में हुई थी सुरेंद्रसिंह की शादी:** गेर से जुड़े बहादुरसिंह गहलोत ने बताया कि खोखरिया बेरे के नवविवाहित सुरेंद्रसिंह गहलोत का राव के रूप में चयन आमली बेरा के ठेकेदार सवाईसिंह गहलोत परिवार की ओर से परंपरा के अनुसान चयन किया गया। गहलोत की शादी 4 मार्च को हुई थी और गेर में नृत्य का प्रदर्शन अच्छा कर रहे थे। इनमें अमित, आशीष गहलोत सहित पांच युवा भी राव की दौड़ में शामिल थे। फूलबाग में संतोकसिंह के बेरे पर राव का चयन कर युवक की पीठ पर छापा लगा राव तय किया । उसके बाद राव बने सुरेंद्रसिंह का श्रृंगार कर लोगों के बीच लाए गए। फिर राव की जय-जयकार करते हुए मंडावता बेरा के युवा घेरा बनाकर मंडोर उद्यान तक सुरक्षा का जिम्मा भी निभाया। शाम 3 बजे से शुरू होने वाली राव की इस गेर और चयन की प्रक्रिया को देखने महिलाओं सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। घरों की छतों पर भी हुजूम नजर आया। राव के करीब 8 बजे मंडोर पहुंचने पर शश्कर्ट सर्किट हुआ और पूरे गार्डन की लाईट बंद हो गई, जिसे बाद में दुरूस्त किया गया।



धुलंडी के दिन रविवार शाम भीतरी शहर में श्लील गायन की धूम रही। भीतरी शहर के श्रीमाली, पुष्करणा सहित कायस्थ समाज की श्लील गायन की इस परंपरा का भी नई पीढ़ी के युवा निभा रहे हैं। रविवार शाम करीब 6 बजे मारवाड़ रत्न स्व. माईदास थानवी के पौते केशव थानवी ने नवचौकिया में सबसे पहले श्लील गायन की प्रस्तुतियां दी। क्षेत्र के राजकुमार ने बताया कि सोहन फाग के वरिष्ठ सदस्य नारायण दास पिंजी के सान्निध्य में गीतकार डश्व. धर्मदत्त पुरोहित ष्प्श्वबिनश की ओर से श्लील गीत लिखे गए और संगीतकार दीपक जोशी ने प्रस्तुतियां दी।

**चौनपुरा के 9 बेरों की निकली गेर:** चौनपुरा में रविवार को परंपरा के अनुसार के 9 बेरों की ओर से भी गेर निकाली गई। गेर ठाकुरजी का मंदिर से रवाना होकर बालाजी मंदिर लालसागर पर विसर्जित हुई। चौनपुरा गांव, ढलावता बेरा, बनावता बेरा, टाकों का बास व भाटियों का बास सहित 9 गेरों के साथ 31 बेरों के लोग शामिल हुए। यशपालसिंह कच्छवाहा और अमित भाटी ने बताया कि हजारों पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी गेर गायन में भूमिका निभाई। गेर गेनपुरा के अध्यक्ष ब्रह्मसिंह चौहान और नरपत सिंह भाटी ने बताया कि मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, सांसद राजेन्द्र गहलोत, राजेन्द्र सोलंकी, महापौर कुंती देवड़ा, नरेन्द्र कच्छवाह, जगदीश पंवार व हनुमानसिंह खांगटा सहित पार्षद शामिल हुए।

**डोली में डांडिया गेर व फूलडोल में दिखा अपणायत का रंग:**

डोली होली पर्व को क्षेत्र में उत्साह के साथ मनाया गया। हर गांव में अलग-अलग रंग में होली का पर्व देखने को मिला। डोली गांव में होलिका दहन के साथ होली का पर्व शुरू हुआ है। गांव की एकता का परिचय देते हुए भारी भीड़ के साथ रात्रि में होलिका दहन हुआ। होलिका दहन के बाद रात्रि में ही ढूंढोत्सव किया गया। डांडिया गेर के बाद आम चौहटे में फूलडोर का आयोजन हुआ। आयोजन में कला और संसकृति की परंपराओं से ओतप्रोत नृत्यों की प्रस्तुति देकर सभी को अभिभूत कर दिया। तीसरे दिन जनप्रतिनिधियों सहित अमराराम पटेल के आवास पर भी गेर नृत्य हुआ ।

माली समाज के 65 जोड़े प्रणय सूत्र में बंधे, हवन वैदिक के समक्ष एक दूसरे से लिए सात वचन

# यहां 20 हजार मेहमानों को लेक्चरर, डॉक्टर, व्यापारी और शिक्षक सहित 700 लोगों ने अपने हाथों से परोसा भोजन

## आभूषण हो या घरेलू सामान सब कुछ रहा एक जैसा

नागौर। सैनिक क्षत्रिय माली सामूहिक विवाह समिति की ओर से चतुर्थ सामूहिक विवाह समारोह में मंगलवार को 65 जोड़े एक साथ परिणय सूत्र में बंधे। इन नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने संत शक्ति सहित देशभर से मेहमान आए। समाज को एकता के सूत्र में बांधने, समरसता लाने और फिजूल खर्च को रोकने के लिए माली समाज द्वारा उठाया गया कदम सामाजिक समरसता का एक बार फिर से उदाहरण बना। बारात में घराती और बाराती दोनों पक्षों के बंधु शामिल हुए। विवाह सम्मेलन पूर्णतया व्यवस्थित तरीके से सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा के नेतृत्व में संपन्न हुआ हुआ। आयोजन में स्थानीय बंधुओं सहित देश भर से करीब 35 हजार बंधु सम्मिलित हुए। बाहरी मेहमानों के लिए शहर की कई होटलों में ठहरने की व्यवस्था की गई।

इससे पूर्व सवेरे 9: 30 बजे माली संस्थान से सभी वर राजाओं की बारात एक साथ रवाना हुई। भव्यता व दिव्यता के साथ पांच बैंड बाजों की धुन पर रवाना हुई बारात में करीब 15, 000 लोगों की सहभागिता के बीच ढाई किमी लंबी निकासी निकली।

बारात का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। पूरे आयोजन में सब कुछ एक समान था, जो इन्हें बांधे रखे था। इसमें कपड़ों से लेकर तोरण, भेंट, आभूषण, मोड़ आदि एक जैसे थे। यहां तक कि वर- वधू को सीख के कपड़े भी एक समान दिए गए। सभी जोड़ों को तुलसी का पौधा दिया और दो गमलों में बीजारोपण करवाया।

सैनिक क्षत्रिय माली समाज के इस सामूहिक विवाह समारोह में मातृ शक्ति व पुरुषों ने बैंड बाजों की धुन पर नृत्य कर आनंद लिया। आयोजन के दोनों दौरान पुलिस प्रशासन की माकूल व्यवस्था रही। पूर्णतया तरीके से यातायात व्यवस्था संचालित रही। समारोह स्थल पर भी सभी सामाजिक कार्य पूर्णतया शांति के साथ संपन्न हुए।

**भामाशाहों का किया सम्मान**

विवाह समारोह के इस आयोजन में अतिथियों सहित तीन सौ भामाशाहों को सैनिक क्षत्रिय माली सामूहिक विवाह समिति की ओर से सम्मानित किया गया। इसमें वह भामाशाह शामिल रहे जिन्होंने विवाह समारोह के लिए तन, मन व धन से सहयोग किया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा ने सभी भामाशाहों, दिन-रात काम करके आयोजन को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं और सैनिक माली संस्थान, सैनिक क्षत्रिय माली सामूहिक विवाह समिति तीनों गांवों और नागौर माली सेवा संस्थान, रामदेवरा के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर माली संस्थान कोषाध्यक्ष कैलाश गहलोत, उपाध्यक्ष देवकिशन सोलंकी, मनीष कच्छावा, अर्जुनराम कच्छावा, पाबूराम सांखला, कृपाराम टाक ने अतिथियों का स्वागत किया।

**नील गगन में अरुण छटा सी वेशभूषा में बंधे दांपत्य सूत्र बंधन में:**

सामूहिक विवाह आयोजन समिति द्वारा बनाए गए विशाल श्वेत डोम श्रीराम जानकी विवाह मंडप में पूर्ण विधि विधान के साथ दांपत्य सूत्र बंधन व पाणिग्रहण संस्कार का कार्यक्रम संपन्न हुआ। पंडित सुनील दाधीच के नेतृत्व में द्वारा गणेश पूजन, शांति पाठ व नवग्रह पूजन के विभिन्न मंत्रोच्चार के साथ सप्तपदी का विधि विधान पूर्ण करवाया गया। संस्थान द्वारा दी अरुणिम वेशभूषा धारण की हुई वधूओं की मांग में नील गगन वेश धारी वर राजाओं ने मांग भरी। इसके साथ ही वर वधू के परिजन की उपस्थिति में माल्यार्पण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

**हैदराबाद माली संघ के पदाधिकारी व भामाशाह रहे उपस्थित**

इस अवसर पर हैदराबाद से पधारे भामाशाह व सैनिक क्षत्रिय माली संघ, हैदराबाद के पदाधिकारी भी मंचस्थ अतिथि के रूप में विराजमान थे। इनमें भोजन प्रसादी के भामाशाह रामवल्लभ, बलदेव राम भाटी, मिश्रीलाल सांखला के साथ साथ माली समाज हैदराबाद के पूर्व अध्यक्ष रामपाल देवड़ा, सागरमल सोलंकी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नागौर की पूर्व सांसद डॉ. ज्योति मिर्धा, नागौर जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सेन, पूर्व उपप्रधान आईदान राम भाटी, कृपाराम गहलोत, नागौर नगर परिषद सभापति मीतू बोथरा, संत शिरोमणि श्री लिखमीदासजी महाराज स्मारक विकास संस्थान, अमरपुरा नागौर के सचिव राधाकिशन तंवर, एमडीएच के एमडी सुरेश राठी,चेनार सरपंच योगेन्द्र, हुक्मीचंद टाक, लोकेश टाक, फूलचंद टाक व कानाराम सांखला सहित अनेक गणमान्य नागरिकों द्वारा वर वधू को दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की गई तथा आशीर्वाद दिया गया।

**इनका रहा सहयोग**

चतुर्थ सामूहिक विवाह को सफल बनाने में विभिन्न संगठन व समाज सेवियों का सहयोग रहा। इसमें कार्यकारिणी सदस्य व आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्यों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसमें मेहराम सांखला, बालकिशन, देवकिशन भाटी, इन्द्रचंद कच्छावा, धर्मेंद्र सोलंकी, पारसमल परिहार, कमल भाटी, टीकमचंद कच्छावा, रूपचंद टाक, चेतन भाटी, घनश्याम कच्छावा, राधेश्याम टाक, मनोज गहलोत, रामकिशोर गहलोत, रामेश्वर माली, बजरंग सांखला, दीपक गहलोत, दीपक सांखला, नरेन्द्र पंवार, आनंदसिंह कच्छावा व हनुमान टाक सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजन समिति के संरक्षक राजेंद्र पंवार व सचिव सूरजमल भाटी के मार्गदर्शन में व्यवस्थाओं को संपादित किया। संस्थान में स्वाध्याय शिविर में अध्ययन करने वाली बालिकाओं द्वारा योगेश टाक, हरेंद्र सांखला व राजेश्वरी सांखला व मंजू भाटी के मार्गदर्शन में श्रीराम जानकी विवाह मंडप की व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। कार्यक्रम में भोपालगढ़ माली समाज सामूहिक विवाह आयोजन समिति के कालूराम भाटी, महेंद्र सोलंकी सहित माली समाज सामूहिक विवाह आयोजन समिति डीडवाना, 6 गांव परबतसर मकराना बिदियाद के पदाधिकारियों के साथ-साथ हेल्पिंग हैंड ग्रुप, आप और हम ग्रुप, राठौड़ी कुआं माली नवयुवक मंडल, सालवा माली समाज सहित अनेक सामाजिक संगठन व समाज के पदाधिकारियों ने भोजन वितरण, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं में सक्रियता से सहयोग किया। इसके साथ ही राजस्थानी सैनिक क्षत्रिय माली समाज के मंत्री राधाकिशन परिहार, तेलंगाना माली युवा संगम के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता अविनाश देवड़ा, उपाध्यक्ष जयनारायण पंवार, सह मंत्री रामकिशोर कच्छवाहा, सह-मंत्री देवेंद्र सांखला, मेघराज भाटी, कृपाराम कच्छवाहा, बजरंगलाल भाटी, अरविंद सांखला व प्रकाश भाटी ने भी उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं का सहयोग करते हुए उत्साहवर्धन किया।

# बांदीकुई विधायक टाकड़ा के सीकर आने पर फुले ब्रिगेड ने किया स्वागत




सीकर। फुले ब्रिगेड की ओर से बांदीकुई विधायक भागचंद के सीकर आने पर स्वागत किया गया। विधायक ने खाटूश्यामजी के दर्शन किए। फुले ब्रिगेड जिला अध्यक्ष सुनील कुमार घोराणा ने बताया कि बीकानेर बाईपास पर प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी व राधाकिशनपुरा सरपंच रामलाल सैनी के नेतृत्व में फुले ब्रिगेड कार्यकर्ताओं ने विधायक का स्वागत किया।

**लक्ष्मणगढ़।** बांदीकुई विधायक भागचंद टाकड़ा का बुधवार को लक्ष्मणगढ़ आगमन पर विभिन्न संस्थाओं, संगठनों की ओर से जगह-जगह स्वागत किया गया। मुख्य समारोह महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति की ओर से श्याम शरणम मैरिज गार्डन में हुआ, जहां उनका नागरिक अभिनंदन उद्योगपति अनिल कुमार बागड़ी की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु भूत, राजस्थान पटवार संघ अध्यक्ष नरेन्द्र कविया, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुभाष जोशी, छात्रावास रामावतार समिति के अध्यक्ष सिंगोदिया, भामाशाह विनोद गौड़, दीपक कटारिया, सैनी समाज के अध्यक्ष रामगोपाल चूनवाल, सीकर सैनी समाज के पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल गार्ड, कमल सैनी, पूर्व अध्यक्ष बनवारी पापटाण, मंडी अध्यक्ष बांदीकुई कजोड़ मल आदि मंचस्थ अतिथि थे। इस अवसर पर झाबरमल सिंगोदिया, सज्जन बबेरवाल, मनोज राकसिया, राकेश टांक, एडवोकेट चिरंजी लाल भूरिया, महावी जाजम, एडवोकेट सत्यनारायण सैनी, पूर्व पार्षद सत्यनारायण पापटाण, छगन शास्त्री सहित अन्य ने स्वागत किया। इसी प्रकार सैनी बालाजी मंदिर में सैनी समाज की ओर से स्वागत किया गया।

## नागौर जिला मुख्यालय स्थित सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान, नागौर द्वारा स्वाध्याय कक्ष लाइब्रेरी का लोकार्पण किया गया।






उत्कर्ष शिक्षण संस्थान के संस्थापक व शिक्षाविद डॉक्टर निर्मल गहलोत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सैनिक क्षत्रिय माली संस्थान हैदराबाद के अध्यक्ष रामवल्लभ भाटी मामा सेठ द्वारा की गई। इस अवसर पर बलदेव राम भाटी, ओमप्रकाश गहलोत अमरपुरा संस्थान के सह सचिव हरिश्चंद्र देवड़ा, डॉ शंकर लाल परिहार मंचस्थ थे। कार्यक्रम में डॉ लाखाराम भाटी, कालूराम सोलंकी, मनीष कच्छावा, देवकिशन सोलंकी, रामचंद्र, मनीराम सांखला, दिनेश टाक, शिवजी राम सांखला, अर्जुन कच्छावा बलदेव कच्छावा, मनीराम सांखला सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया जबकि प्रधानाचार्य आनंद सिंह कच्छावा ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि रखते हुए स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में बालकिशन भाटी व लाखाराम भाटी ने भी अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र सांखला व योगेश टाक ने किया। स्वाध्याय कक्ष लाइब्रेरी में समाज के 71 विद्यार्थियों द्वारा एक साथ अध्ययन किया जा सकता है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. गहलोत ने कहा कि अपने भारतीय सभ्यता, संस्कृति में एक श्रेष्ठ बिंदु प्रचलित है कि सौ हाथ से कमाओ और हजार हाथ से दान करो। इसी दृष्टि से भारत का जनमानस सदैव त्याग, संयम, दान पर टिका है। अपने शिक्षक पिता के सेवा कार्य से प्रेरणा लेकर सभी समाज के निमित्त सेवा कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि सेल्फ स्टडी का कोई विकल्प नहीं है केवल सफलता के लिए कोचिंग ही पर्याप्त नहीं है। दोनों के सम्मन्वित प्रयास व मार्गदर्शन से ही सफलता का प्रतिशत बढ़ जाता है। उन्होंने नागौर माली समाज द्वारा स्वाध्याय कक्ष के निर्माण की प्रशंसा करते हुए कहा कि अनुकूल वातावरण में मन के दृढ़ भाव से दुनिया की कोई भी ताकत सफलता प्राप्त करने से नहीं रोक सकती। 10वीं व 12वीं के अंक प्राप्ति के बाद हम कितनी मेहनत करते हैं उस पर हमारा भविष्य निर्भर करता है। श्रेष्ठ व्यक्ति के पद चिह्न पर चलें और जीवन में सुचिता और ईमानदारी पर टिके रहें यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने परीक्षा को आनंद के साथ लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की परंपरा के आधार पर चलें और प्रेरणा लें। शिक्षा ही आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुधार कर सकती।

उन्होंने दिव्यांग और आई ए एस परीक्षा में चयनित सुरेश तिवारी का उदाहरण देते हुए कहा कि सुविधा कम व अभाव के बाद में भी जोश के साथ अपने जीवन लक्ष्य को निर्धारित करना महत्वपूर्ण है। ईश्वर से भी हम साधन नहीं साध्य मांगे और साधक बनाकर साधना करें।

**लिखमीदासजी महाराज स्मारक में किया पूजन अर्चनः**

इस अवसर पर डॉ. गहलोत, ओम प्रकाश गहलोत द्वारा संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज स्मारक व देव मंदिर पर पूजन अर्चन कर सामूहिक आरती में सहभागिता दी। कार्यक्रम में संस्थान के कोषाध्यक्ष कमल भाटी, कार्यकारिणी सदस्य बहादुर सिंह भाटी व पारसमल परिहार, देव किशन सोलंकी, लोकेश टाक द्वारा भाव भीना स्वागत किया गया।

# हरियाणा कॉन्फेड के चेयरमैन का सैनी सभा ने किया सम्मान समारोह



नारनौल। हरियाणा सरकार द्वारा अभी हाल ही में नवनियुक्त हरियाणा कांफेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी का शुक्रवार को नारनौल पहुंचने पर यहां की सैनी सभा द्वारा उनका सम्मान एवं नागरिक अभिनंदन किया गया। सैनी सभा के प्रधान विशन कुमार ने इस सम्मान एवं नागरिक अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता की। समारोह में नारनौल नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, महेंद्रगढ़ नगर पालिका के चेयरमैन रमेश कुमार, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन जेपी सैनी नगर परिषद नारनौल की पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी, नगर पार्षद सिकन्दर सैनी व पूर्व पार्षद लक्ष्मी सैनी आदि वक्ताओं ने कर्मवीर सैनी का पटका व बुक्के भेंट करके अभिनन्दन किया। इन सभी ने अपने संबोधन में कर्मवीर सैनी की नियुक्ति के लिए भाजपा ही हाईकमान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया। इसके बाद मुख्य अतिथि हरियाणा कॉन्फेड़ के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो यह एक छोटे से वर्कर को उसकी कार्यो की बदोलत उच्च पद पर बैठाती है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश और राजस्थान के उदहारण के बाद नायब सैनी जैसे एक आम कार्यकर्ताओं को पहले हरियाणा भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष और अब प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर साबित कर दिया है कि भारतीय जनता पार्टी में ना तो परिवारवाद चलता है ना ही किसी व्यक्ति विशेष की। उन्होंने कहा कि वे अपने 30 साल के राजनीतिक जीवन काल में कई पार्टियों में रहकर काम कर चुके हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी में जिस तरह से एक आम कार्य कर्ता को मान सम्मान दिया जाता है उसका कोई सानी नहीं है। कर्मवीर सैनी ने यह भी कहा कि नायब सैनी को हरियाणा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय हाईकमान ने हरियाणा के पिछड़ा वर्ग को बहुत ही मान सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी एक ऐसे मिलनसार और साधारण व्यक्तित्व के धनी हैं जिसके चलते एक आम कार्यकर्ता उनसे आसानी से मिल सकता है और यही कारण है कि नायब सैनी ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालते ही हरियाणा प्रदेश को और तरक्की के रास्ते पर आगे ले जाने के लिए ऐलान कर दिया है कि प्रदेश का कोई भी आदमी उनसे आधी रात को भी आकर मिल सकता है। सम्मान समारोह में वरिष्ट लेखा अधिकारी एवं कई संस्थाओं के पदाधिकारी मुखराम सैनी,वरिष्ठ पत्रकार रामचंद्र सैनी, बालकिशन सैनी, रामनिवास सैनी, पूर्व मैनेजर धर्मचंद सैनी, जयसिंह सैनी, रामजीलाल सैनी, सभा के उपप्रधान रोहतास सैनी, सद्स्य मदन लाल, विजय कुमार, ईश्वर सिंह, अरुण कुमार, भीम सिंह, कैलाश चंद, सूबे सिंह, कैलाश सैनी, राम नरेश, अरुण सैनी, सुरेश पाल, बिशंभर सैनी, कैप्टन हरीश, नरेंदर सैनी, सानू पार्षद, दुली चंद सैनी अशोक सैनी पार्षद, डॉक्टर रवि सैनी, राम निवास सैनी, मानसिंह सैनी आदि ने भी मुख्य अतिथि का फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया कार्यक्रम का सफल संचालन मास्टर हुकम सिंह सैनी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभा के प्रधान बिशन कुमार सैनी ने मुख्य अतिथि हुए एवम आए हुए लोगों का आभार जताया।

## माली समाज मेवाड़ स्तरीय परिचय सम्मेलन में जुटे समाजजन
## जीवन साथी की तलाश में 300 युवक- युवती पहुंचे, योग्यता के साथ लक्ष्य बताए



उदयपुर। एक के बाद एक युवक और युवतियां मंच पर आते गए और अपना परिचय, खूबियां मजोरियां बताने के साथ बायोडेटा प्रस्तुत करते गए। किसी ने शैक्षिक स्तर, तो किसी ने रोजगार व्यवसाय की जानकारी देने के साथ लक्ष्य बताए। मकसद एक जैसी और परिपक्व सोच वाला जीवन साथी मिले। मौका था माली समाज के मेवाड़ संभाग स्तरीय परिचय सम्मेलन का था। आयोजन शहर के खारा कुआं, सौ फीट रोड स्थित माली समाज के नंद भवन में हुआ। मुख्य अतिथि माली (सैनी) महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल लाल माली ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में हर समाज अपनी कुरीतियां खत्म करने के साथ अनावश्यक रिवाजों में संशोधन भी कर रहे हैं। हमें भी खुद में सुधार करना होगा। विशिष्ट अतिथि माली समाज विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष भैरू लाल माली ने कहा कि हमें भावी पीढ़ी को संस्कारवान शिक्षा दिलाए। आयोजन समिति के सदस्य लोकेंद्र चावड़ा ने बताया कि मेवाड़ संभाग के सभी शहर व तहसीलों के साथ-साथ सिरोही, अजमेर, नीमच, डूंगरपुर, बांसवाड़ा सहित राजस्थान के कई जिलों व गुजरात, मध्यप्रदेश से भी समाजबंधुओं ने सम्मेलन में शिरकत की। इस सम्मेलन में 18 वर्ष से ऊपर की युवतियां व 21 वर्ष से ऊपर के युवकों का ही सम्मेलन में परिचय कराया गया। इस आयोजन में 300 से अधिक युवक युवतियों ने परिचय दिया। इसका आयोजन फूलमाली समाज उत्थान समिति के बैनर तले हुआ था।

**स्मारिका का प्रकाशन किया:** इस परिचय सम्मेलन की परिचय स्मारिका भी प्रकाशित की गई। जो सभी युवक-युवतियों के साथ आए परिजनों व समाजबंधुओं को वितरण की गई। इस परिचय स्मारिका में युवक-युवतियों का बायोडाटा व अन्य जानकारियां उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर माली (सैनी) महासभा भीलवाड़ा कार्यकारी अध्यक्ष भैरूलाल माली, अजमेर से प्रदीप कच्छावा, नरेन्द्र भाटी, रानू सांखला, मूलचंद चांगवाल, रमेश सिसोदिया, मांगीलाल वातरिया, प्रेमचंद गढ़वाल, प्रभुलाल माली, नानूराम उपस्थित थी।

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासुदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा

श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झुमरलाल गहलोत, जोधपुर

श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लारामगहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल(ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पुनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, फलोदी
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबुलाल सैनी, पीपाड़ शहर




## हार्दिक बधाई



एक्ट्रेस सोनम सैनी को फिल्म उक चूक के लिए श्रेष्ठ अभिनेत्री का अवार्ड मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



श्रीमती श्रीमती ऋचा गहलोत धर्म पत्नी श्री संदीप देवड़ा को AIIMS Jodhpur में Dietician (आहार विशेषज्ञ) के रूप में चयन होने पर हार्दिक बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं।

सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा( चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपुर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री( इंजि. )तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरंवा, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर
श्री चेतन देवड़ा पुत्र स्व. श्री मानसिंह देवड़ा, जोधपुर
श्री अरविंद गहलोत (पार्षद) पुत्र श्री मांगलाल गहलोत, जोधपुर
सीए श्री अर्जुन पुत्र श्री कांतिलाल परिहार, बाली, पाली
श्री पप्पुराम पुत्र श्री रामचंद्र गहलोत, चौखा, जोधपुर
डॉ. श्री महेन्द्र भाटी 'त्रिकाल', रायपुर, पाली
श्री रोहित पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री रामेश्वर सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जगन्नाथ सिंह पुत्र श्री मेघसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हुक्माराम भाटी पुत्र श्री सुखदेवराम भाटी, जोधपुर
श्री श्याम लाल पुत्र श्री बुद्वाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री रामकिशन माली, करौली
श्री चेतन सिंह पुत्र श्री संतोकसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री लुंबाराम देवड़ा, जगदम्बा पब्लिक स्कूल, जोधपुर
श्री विकास कच्छवाहा पुत्र श्री नरेन्द्रसिंह, जोधपुर
श्री कानाराम सांखला, कानजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री कुशाल राम सांखला, रामजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री मुकेश टाक पुत्र श्री हरीसिंह टाक, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र श्री आनंदप्रकाश गहलोत, जोधपुर
श्री आनंदसिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जयंत सांखला,आर.एस.एम.विद्याश्रम, जोधपुर
श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मोहनलाल कच्छावा, अजमेर
श्री ताराचंद पुत्र श्री मोतीलाल सांखला, मथानियां
डॉ. कमल सैनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश
श्री ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री गणपत जी लाडंनू
डॉ प्रवीण पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राकेश पुत्र श्री छतरसिंह गहलोत, जोधपुर
डॉ. भीमपाल पुत्र श्री बुधाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धमेन्द्र कच्छवाहा,भीलवाड़ा
श्री गोविंद पुत्र श्री भगवानसिंह परिहार, जोधपुर
श्री शरद टाक, जोधपुर
श्री मुकेशराज पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, जोधपुर
श्री रविन्द्र सिंह परिहार, नागौर मोटर्स, नागौर
श्री अर्जुन सिंह पुत्र श्री कल्याण सिंह कच्छवाह, पीपाड़
श्री कुशाल कच्छवाह, के. के. फिलिंग स्टेशन, जोधपुर
श्री राहूल (राजा) पुत्र श्री जगदीश सांखला, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र स्व. श्री पुरूषोत्तम गहलोत, जोधपुर
श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री नारायण राम सोलंकी, बिलाड़ा
श्री इंद्र सिंह टाक (अध्यक्ष, ठेकेदार संघ,जोधपुर PWD)
श्री मुरलीधर सैनी, सुरजमल विनयकुमार, सरदार शहर
श्री हिमांशु पुत्र श्री जब्बरसिंह परिहार, राम सागर, जोधपुर
श्री पूनमसिंह पुत्र श्री पूरखाराम गहलोत, खेमें का कुंआ, जोधपुर
श्री सुभाष पुत्र श्री मूलाराम देवड़ा, सुरपूरा, मण्डोर, जोधपुर
श्री नितिन सांखला पुत्र श्री जगदीश चंद्र नागदा, धार, म. प्रदेश
श्री ताराचंद पुत्र श्री नखतमल माली, मण्ड़ोर, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश













**ही क्यों ? क्योंकि, हमारे पास है सेकड़ों एन.आर. आई. सहित 5 हजार पाठकों का विशाल परिवार**

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

दिनांक ____________

### सदस्यता फॉर्म

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रूपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________ हस्ताक्षर

होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 (रजि. कार्यालय)

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

INNER COLOR

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**रजि. कार्यालय : होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 (कार्यालय)**

# विनम्र श्रद्धांजलि



राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बड़ी बहन

## श्रीमति विमला देवी कच्छवाहा

(धर्मपत्नी स्व. श्रीमान संतोष सिंह कच्छवाहा)
के आकस्मिक निधन पर हम सभी परमपिता परमेश्वर से
दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करते हैं
एवं परिजनों को यह असीम वज्रपात सहन करने की ईश्वर शक्ति प्रदान करें।

श्रदानवत

**माली सैनी संदेश परिवार**

प्रेषण तिथि : 29/30 मार्च, 2024
समाचार पत्रिका पंजीयन सं. :RAJHIN/2013/60831
मुद्रण तिथि : 28 मार्च , 2024
Postal Regd No. Jodhpur/496/2024-26
प्रेषण स्थान : RMS जोधपुर

## समाज गौरव



ओबीसी के हितेषी परम आदरणीय

# नायब सिंह सैनी

के हरियाणा मुख्यमंत्री बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



शुभेच्छु :

**माली सैनी संदेश परिवार**

जोधपुर

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR